उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन-तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ-226010

संख्या- 47 / 26/ विज्ञापन- अनुभाग / 2016/ 24 परीक्षा/ 2016/2018

दिनांक : 30 अक्टूबर, 2018

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या- 24 परीक्षा/2016 द्वारा विधान भवन रक्षक/ वन रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 के अंतर्गत विज्ञापित विधान भवन रक्षक व वन रक्षक के कुल 664 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

विधान भवन रक्षक/ वन रक्षक के रिक्त पदों पर चयन हेतु प्रकाशित उक्त विज्ञापन के अंतर्गत परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नवत प्रकाशित किया गया था, जिसे संबंधित अभ्यर्थियों के लिए सुलभ संदर्भ हेतु पुनः प्रकाशित किया जा रहा है –

विधान भवन रक्षक एवं वन रक्षक के पदों पर चयन हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

(1) प्रथम चरण— लिखित परीक्षा 180 अंक

लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसके विषय एवं अंक निम्नवत् हैं:—

विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
भाग—1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता	80	80	02 घण्टे
भाग—2 सामान्य जानकारी	50	50	
भाग—3 सामान्य बुद्धि परीक्षण	50	50	
योग	180	180	
(2) द्वितीय चरण— साक्षात्कार	—	20	
कुल योग	—	200	

पाठ्यक्रम

भाग—1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता—

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा समझ एवं लेखन योग्यता संबंधी प्रश्न पूछे जायेंगे। यह प्रश्नपत्र उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग—2 सामान्य जानकारी—

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से उसके चारों ओर के वातावरण के संबंध में सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके उपयोग के संबंध में उसकी योग्यता आंकने के लिए प्रश्न पूछे जायेंगे। उक्त भाग में सम—सामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, विशेष रूप से भारत से संबंधित ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्यों से संबंधित, वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान, वन—पर्यावरण—जलवायु से संबंधित प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जिनकी किसी इण्टरमीडिएट शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है।

भाग—3 सामान्य बुद्धि परीक्षण—

इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने एवं तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधों / समानताओं / संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक कियाओं से संबंधित हों।

सचिव,

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ।